पंजाब केसरी 25/11/2024

नैनोमेडिसिन्स चिकित्सा अनुप्रयोगों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता रखते हैं : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 23 नवम्बर (बलराम): डा. रोहित दत्त, प्रिंसीपल जी.एम.एन. कॉलेज ने आर.के.एस.डी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी व एसोसिएशन ऑफ फार्मास्यूटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया, ए.पी.टी.आई., हरियाणा राज्य शाखा द्वारा आयोजित नैनोमेडिसिन्स हैल्थकेयर में एक बहुआयामी दृष्टिकोण विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्यथिति शिरकत की।

इस सम्मेलन में नैनोमेडिसिन्स के क्षेत्र में प्रसिद्ध विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया और अपने अनुभवों को साझा किया।

डा. रोहित दत्त ने अपने उद्घाटन भाषण में नैनोटैक्नोलॉजी के फार्मेसी पेशे पर प्रभाव को रेखांकित किया। डा. दत्त ने बताया कि नैनोमैटेरियल्स आज आर्टिफीसियल इटैलिजैंस के युग में जैविक और चिकित्सा अनुप्रयोगों के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे बेहतर जैव संगतता, नियंत्रित दवा रिलीज, सटीक लक्ष्य क्षमताओं और जैविक प्रणालियों के साथ बातचीत के लिए अनुकूल बड़े सतह क्षेत्र की पेशकश करके पहले से हल नहीं हो सकने वाले रहस्यों और असंभव उपचारों को साकार करने में सक्षम बनाते हैं।

विशेष रूप से थेरानोस्टिक्स के क्षेत्र में नैनोटैक्नोलॉजी के एकीकरण के साथ तेजी से प्रगति हो रही है। नैनोमैटेरियल्स के उपयोग से चिकित्सा अनुप्रयोगों में सटीकता और प्रभावशीलता में सुधार हो सकता है, जिससे रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प उपलब्ध हो सकते हैं। सम्मेलन में विभिन्न व्याख्यान, शोध पत्र प्रस्तुतियां और पोस्टर सत्र शामिल थे, जिनमें नैनोमेडिसिन्स में नवीनतम अनुसंधान को प्रदर्शित किया गया था। कार्यक्रम में देश भर से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

डा. दत्त ने आरकेएसडी कॉलेज ऑफफार्मेसी के प्रैसीडैंट नवनीत, प्राचार्या डा. रश्मि मनचंदा, चेयरमैन अशोक शोरेवाल व अन्य साथियों को इस सफल आयोजन पर शुभकामनाएं प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणयमान्य को सम्मानित करते आयोजक।